अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में दिनांक 11 मार्च, 2015 को कामर्स फॉरम के तत्वावधान में “इंटर विंग क्विज” का आयोजन किया गया. जिसका विषय था “भारतीय व्यावसायिक का इतिहास”. इस प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया. इस प्रश्नोत्तरी में व्यावसायिक के इतिहास से संबंधित विभिन्न विषयों पर कुल पाँच रॉउड रखे गये. विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह से प्रश्नों के जबाब दिए. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विद्यार्थियों को इस तरह की प्रश्नोत्तरी में विभिन्न उच्च स्तरों पर भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान के प्रतियोगी परीक्षाओं में महत्व पर भी चर्चा की. इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टीम डी (बी.कॉम. आनर्स, संभाग तृतीय) , द्वितीय स्थान पर टीम बी (बी.कॉम. कम्प्यूटर एपलिकेशन, संभाग तृतीय) तथा तृतीय स्थान पर टीम सी (बी.कॉम. संभाग द्वितीय) रहीं.

कामर्स फॉरम की कन्वीनर श्रीमती शोभना गोयल ने प्रतियोगिता में आई टीमों को बधाई दी और धन्यवाद किया. इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के अन्य प्रवक्ता भी उपस्थित थे.